No. 5/1/2019-CPI
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
LABOUR BUREAU

'CLEREMONT', SHIMLA-171004
DATED: 29th November, 2019

Press Release

Consumer Price Index for Industrial Workers (CPI-IW) – October, 2019

The All-India CPI-IW for October, 2019 increased by 3 points and pegged at 325 (three hundred and twenty five). On 1-month percentage change, it increased by (+) 0.93 per cent between September, 2019 and October, 2019 when compared with the increase of (+) 0.33 per cent for the corresponding months of last year.

The maximum upward pressure to the change in current index came from Food group contributing (+) 2.85 percentage points to the total change. At item level, Wheat, Wheat Atta, Goat Meat, Milk Buffalo, Milk Cow, Garlic, Onion, Brinjal, Cabbage, Cauliflower, Gourd, Lady's Finger, Potato, Tomato, Torai, Cooking Gas, Electricity Charges, Medicine (Homeopathic), College Fee, Petrol, etc. are responsible for the increase in index. However, this increase was checked by Ginger, French Bean, Radish, Apple, Lemon, Orange, Bus Fare, Hair Oil, etc., putting downward pressure on the index.

The year-on-year inflation based on CPI-IW stood at 7.62 per cent for October, 2019 as compared to 6.98 per cent for the previous month and 5.23 per cent during the corresponding month of the previous year. Similarly, the Food inflation stood at 8.60 per cent against 7.05 per cent of the previous month and (-) 0.95 per cent during the corresponding month of the previous year.

At centre level Varanasi and Jamshedpur observed the maximum increase of 12 points each followed by Munger-Jamalpur and Chhindwara (11 points each) and Jabalpur (9 points). Among others, 8 points increase was observed in 2 centres, 7 points in 4 centres, 6 points in 4 centres, 5 points in 12 centres, 4 points in 6 centres, 3 points in 15 centres, 2 points in 11 centres and 1 point in 10 centres. On the contrary, Goa recorded a maximum decrease of 4 points followed by Tiruchirapally, Ajmer and Delhi (2 points each). Rest of the 5 centres' indices remained stationary.

The indices of 32 centres are above All-India Index and 44 centres' indices are below national average. The indices of Ernakulam and Warrangal centres remained at par with All-India Index.

The next issue of CPI-IW for the month of November, 2019 will be released on Tuesday, 31st December, 2019. The same will also be available on the office website *www.labourbureaunew.gov.in*.

(AMRIT LAL JANGID)
DEPUTY DIRECTOR

संख्या-5/1/2019-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 29 नवम्बर, 2019

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - अक्तूबर, 2019

अक्तूबर, 2019 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 3 अंक बढ़कर 325 (तीन सौ पच्चीस) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में सितम्बर, 2019 एवं अक्तूबर, 2019 के बीच (+) 0.93 प्रतिशत की वृद्धि रही जो पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच 0.33 प्रतिशत थी।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (+) 2.85 बिंदु प्रतिशतता से प्रभावित किया। मदों में गेहूँ, गेहूँ आटा, बकरे का मांस, दूध (भैंस), दूध (गाय), लहसुन, प्याज, बैंगन, बंद गोभी, फूलगोभी, लौकी, भींडी, आलू, टमाटर, तोरई, रसोई गैस, दवाई (होमियोपेथी), कॉलेज फीस, पेट्रोल, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, अदरक, फ्रैंच बीन, मूली, सेब, नींबू, संतरा, बस किराया, केस तेल, इत्यादि ने सूचकांक में दर्ज वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

अक्तूबर, 2019 के लिए सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 6.98 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 5.23 प्रतिशत की तुलना में 7.62 प्रतिशत रही। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 7.05 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के (-) 0.95 प्रतिशत की तुलना में 8.60 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, वाराणसी एवं जमशेदपुर प्रत्येक के सूचकांक में अधिकतम 12 अंकों की वृद्धि रही जिसके बाद मुंगेर-जमालपुर एवं छिंदवाड़ा प्रत्येक में 11 अंक तथा जबलपुर में 9 अंक की वृद्धि पाई गई। अन्य 2 केन्द्रों में 8 अंक, 4 केन्द्रों में 7 अंक, 4 केन्द्रों में 6 अंक, 12 केन्द्रों में 5 अंक, 6 केन्द्रों में 4 अंक, 15 केन्द्रों में 3 अंक, 11 केन्द्रों में 2 अंक तथा 10 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। इसके विपरीत, गोआ में 4 अंकों की अधिकतम कमी रही जिसके बाद तिरूचिरापल्ली, अजमेर और दिल्ली प्रत्येक में 2 अंक की कमी पाई गई। शेष 5 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

32 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक से ऊपर तथा 44 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे। एरनाकुलम और वारांगल केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक के समकक्ष रहे।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी नवम्बर, 2019 माह के लिए दिन मंगलवार, दिसम्बर 31, 2019 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(अमृत लाल जांगिड़)
उप निदेशक